संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग

JOINT ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION

(गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र)

(For the state of Goa and Union Territories)

ANNUAL REPORT 2019-2020

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग
(गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र के लिए)

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र)
JOINT ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION (for the State of Goa and Union Territories)
सत्यमेव जयते

वित्तीय वर्ष 2019–20 की 12वीं वार्षिक रिपोर्ट (विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 105 के अंतर्गत)

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग
(गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्र के लिए)
तीसरा एवं चौथा तल, प्लॉट नं. 55–56,
सेक्टर–18, उद्योग विहार, फेज–IV, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा)
वेबसाइटः www.jercuts.gov.in
ई–मेलः secy-jercuts@gov.in

विषय सूची

अनुबंध

संक्षिप्त रूप 4

अध्यक्ष महोदय की डेस्क से 5–6

वित्त वर्ष 2019–20 के प्रमुख कार्यकलाप

1. संगठनात्मक ढांचा और प्रशासन

1.1 आयोग 7
1.2 आयोग के कार्य और कर्तव्य 8–9
1.3 आयोग के सदस्यों का प्रोफाइल 10–11
1.4 आयोग का कार्यालय 12
1.5 आयोग की संगठनात्मक संरचना 13
1.6 जन सुनवाई 14
1.7 वेबसाइट 14
1.8 प्रशिक्षण 15
1.9 कंप्यूटरीकरण 16
1.10 सूचना का अधिकार 16

2. वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान आयोग के कार्यकलाप

2.1 विनियम 17
2.2 वित्त वर्ष 2020–21 के लिए टैरिफ तथा वार्षिक राजस्व आवश्यकता का निर्धारण 18
2.3 जेईआरसी के क्षेत्राधिकार में विद्युत कंपनियों के महत्वपूर्ण मानक 19
2.4 राज्य सलाहकार समिति की बैठकें 20
2.5 वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान याचिकाओं की स्थिति 21
2.6 विवादों और मतभेदों का अधिनिर्णय 22

3. आयोग के वार्षिक लेखा 24–27

4. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना का विवरण 29

5. वित्त वर्ष 2020–21 की कार्य–सूची 29

अनुबंध

अनुबंध–1 उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का विवरण 30

अनुबंध–2 वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान आयोग द्वारा आयोजित जन सुनवाई/अन्य सुनवाई का विवरण 31–32

अनुबंध–3 याचिका शुल्क का विवरण 33

अनुबंध–4 31.03.2020 के अनुसार विनियमों की सूची 34

संक्षिप्त रूप

एसीओएस	आपूर्ति की औसत लागत
एआरआर	वार्षिक राजस्व आवश्यकता
सीईआरसी	केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग
सीजीआरएफ	उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम
डीएनएचपीडीसीएल	दादरा और नगर हवेली विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
ईडी	विद्युत विभाग
एफओआर	विनियामकों का फोरम
एफपीपीसीए	ईंधन और बिजली खरीद मूल्य समायोजन
एफवाई	वित्तीय वर्ष
जीओआई	भारत सरकार
आईआईटी	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
जेईआरसी	संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए)
एमओयू	समझौता–ज्ञापन
एनएचपीसी	नेशनल हाइड्रो पॉवर कॉर्पोरेशन
पीएफसी	पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन
पीपीसीएल	पुदुचेरी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
पीपीए	विद्युत क्रय करार
पीएफसी	पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन
पीएसयू	सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम
आरईसी	ग्रामीण विद्युतीकरण कॉर्पोरेशन
आरपीओ	नवीकरणीय क्रय दायित्व
आरटीआई	सूचना का अधिकार
एसएसी	राज्य सलाहकार समिति
टीएंडडी	पारेषण और वितरण

अध्यक्ष महोदय की डेस्क से

सत्यमेव जयते

श्री एम. के. गोयल
अध्यक्ष

स्थायी दीर्घकालिक आर्थिक विकास के लिए एक कुशल और विश्वसनीय विद्युत बुनियादी ढांचे का होना महत्वपूर्ण आवश्यक शर्तों में से एक है। भारत में विद्युत क्षेत्र, मुख्य रूप से थर्मल विद्युत उत्पादन द्वारा संचालित होता है, जो वर्ष दर वर्ष कई गुना बढ़ गया है और यह मुख्य रूप से उद्योग, सेवा, वाणिज्यिक और अन्य क्षेत्रों के विकास की जरूरतों को पूरा करने के लिए विकसित हुआ है। गोवा और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जेईआरसी) का गठन अगस्त, 2008 में इन क्षेत्रों में बिजली क्षेत्र का विनियमित और क्रमबद्ध विकास करने के लिए किया गया था। हालांकि ये क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से छोटे हैं, फिर भी औद्योगिकीकरण (दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव और पुडुचेरी) या आधुनिक शहरी विकास (चंडीगढ़) और/या पर्यटन (गोवा और अंडमान एवं निकोबार तथा लक्षद्वीप और दीव सहित) के क्षेत्र में व्यापक योगदान देते हैं। द्वीप क्षेत्र अर्थात् अंडमान एवं निकोबार तथा लक्षद्वीप भी रणनीतिक क्षेत्र हैं जहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। इस संदर्भ में, गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग इन क्षेत्रों में विद्युत क्षेत्र का विकास करने तथा विभिन्न हितधारकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं में संतुलन बनाने में महत्वपूर्ण विनियामक भूमिका निभाता है।

आयोग अगस्त, 2008 से अस्तित्व में आया था और यह अधिनियम के तहत उसे सौंपी गई जिम्मेदारियों और कर्तव्यों को पूरा करने के लिए प्रयासरत है और अपने इस सफर में इसने सभी हितधारकों और उपभोक्ताओं के हितों में सामंजस्य बनाते हुए उपयोगिताओं के निष्पादन की निगरानी की भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाया है।

यह वर्ष 2019–20 के दौरान आयोग की गतिविधियों की 12वीं वार्षिक रिपोर्ट है।

आयोग ने वर्ष के दौरान बिजली क्षेत्र में दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने, उपभोक्ता के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा बिजली उपयोगिताओं के निष्पादन और वित्तीय व्यवहार्यता में सुधार करने के लिए कदम उठाए हैं। आयोग ने इस वित्तीय वर्ष में सभी हितधारकों के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए (क) संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से शुल्क निर्धारण के लिए निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2019; (ख) संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (नेट मीटरिंग पर आधारित सौर पीवी ग्रिड इंटरएक्टिव प्रणाली) विनियम, 2019; (ग) संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम और लोकपाल) विनियम, 2019 को अधिसूचित किया है। आयोग राज्य सलाहकार समिति की बैठकों के माध्यम से उपभोक्ता संगठनों, उद्योग संघों और अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ समय–समय पर संवाद करता है। इस वित्तीय वर्ष में आयोग ने अपनी 15वीं राज्य सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की, जिसका विवरण बाद के अध्यायों में दिया गया है। इसके अलावा, भारत सरकार की हरित पहल को ध्यान में रखते हुए, आयोग स्वतः सुनवाई करके और कंपनियों को अपने आरपीओ लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कहकर प्रदेशों में सभी वितरण कंपनियों के नवीकरणीय क्रय दायित्वों (आरपीओ) की गहन निगरानी कर रहा है। इसके अलावा, इस तथ्य को देखते हुए कि अधिकांश क्षेत्र पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील और नाजुक हैं, आयोग लागत के आधार पर अपने वार्षिक सामान्य टैरिफ आदेशों के माध्यम से अक्षय ऊर्जा उत्पादन परियोजनाओं को प्रोत्साहित करता है।

अंत में, मैं बिजली वितरण कंपनियों, उपभोक्ताओं और उपभोक्ता संगठनों, राज्य सलाहकार समिति के सदस्यों और अन्य हितधारकों को उनके बहुमूल्य सुझावों के लिए बधाई देता हूं और उनका तहे दिल से शुक्रिया करता हूं जिन्होंने अपने तर्कसंगत, संतुलित टैरिफ आदेशों के निर्धारण और अन्य विनियामक गतिविधियों में आयोग की मदद की।

उपर्युक्त पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए, आयोग को संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए) की 12वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बेहद खुशी हो रही है और वह अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में सभी हितधारकों से निरंतर सहयोग की अपेक्षा करता है।

1. संगठनात्मक ढांचा और प्रशासन

1.1 आयोग

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 83 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार ने दिल्ली को छोड़कर सभी संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 'संघ राज्य क्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग' नामक एक दो सदस्यीय (अध्यक्ष सहित) संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग, जिसका मुख्यालय दिल्ली में स्थित था, का गठन किया, जैसा कि दिनांक 2 मई, 2005 की अधिसूचना सं. 23/52/2003–आरएंडआर द्वारा अधिसूचित किया गया। बाद में, गोवा राज्य के शामिल होने से आयोग को 'गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग' के नाम से जाना जाने लगा जिसे दिनांक 30 मई, 2008 की अधिसूचना सं. 23/52/2003–आरएंडआर (खंड–प्प) द्वारा अधिसूचित किया गया था। गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग ने अगस्त 2008 से कार्य करना आरंभ किया। आयोग का कार्यालय वर्तमान में हरियाणा के गुड़गांव नगर में एक किराए के भवन में अवस्थित है।

वर्ष के दौरान आयोग ने अपने क्षेत्राधिकार में गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों में एक उचित, पारदर्शी और निष्पक्ष विनियामक प्रक्रिया स्थापित करने का प्रयास किया है। आयोग की 11वीं वार्षिक रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान आयोग की गतिविधियों को प्रस्तुत करती है।

आयोग के पास, विद्युत अधिनियम, 2003 के अंतर्गत किसी जांच अथवा कार्यवाही के प्रयोजन से वही शक्तियाँ हैं जो अधिनियम की धारा 94 की उप–धारा (1) के अंतर्गत सूचीबद्ध विषयों के संबंध में दीवानी प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत किसी सिविल न्यायालय में निहित हैं।

आयोग के समक्ष चलने वाली सभी कार्यवाहियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 193 और 228 के अर्थों के अंतर्गत न्यायिक कार्यवाहियां माना जाता है और दंड संहिता प्रक्रिया, 1973 की धारा 345 और 346 के प्रयोजन के लिए आयोग को एक सिविल न्यायालय माना जाता है। आयोग को विद्युत उत्पादन कंपनियों और लाइसेंस जारीकर्ताओं के बीच उत्पन्न होने वाले सभी विवादों का निर्णय करने अथवा इनकी मध्यस्थता करने और इनका निपटान करने के लिए मध्यस्थ(थों) को मनोनीत करने का पूरा अधिकार है।

1.2 आयोग के कार्य

अधिदेश

विद्युत अधिनियम, 2003 का उद्देश्य बिजली के उत्पादन, विकास, वितरण, व्यापार और उपयोग से संबंधित कानूनों को समेकित करना और आम तौर पर बिजली उद्योग के विकास के हित में कदम उठाना, प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना और सभी क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति करना, बिजली दरों को तर्कसंगत बनाना, सब्सिडी के बारे में पारदर्शी नीतियां सुनिश्चित करना, दक्षता और पर्यावरण अनुकूल नीतियों को बढ़ावा देना, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण का गठन, विनियामक आयोग और विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना करना है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के साथ–साथ बिजली आपूर्तिकर्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए खुले, गैर–भेदभावपूर्ण, प्रतिस्पर्धी, व्यावसायिक परिवेश में बिजली क्षेत्र के विकास के अनुरूप ढांचा तैयार करना है। इस संदर्भ में, विद्युत अधिनियम में परिकल्पित उद्देश्यों को साकार करने के लिए आयोग की भूमिका महत्वपूर्ण है।

आयोग को अधिदेशित कार्य

विद्युत अधिनियम, 2003 के अनुसार, जेईआरसी गोवा राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में दक्ष और आर्थिक रूप से व्यवहार्य विद्युत प्रणाली बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी को पूरा करते हुए सभी हितधारकों के हितों को ध्यान में रखती है, सस्ती दरों पर बिजली की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करती है तथा गोवा राज्य और केंद्रशासित

प्रदेशों में लाइसेंसधारियों और उत्पादन कंपनियों के हितों की रक्षा करने और उपभोक्ताओं को उचित सौदा प्रदान करने के लिए, पारदर्शिता, जवाबदेही, समानता के सिद्धांतों से निर्देशित होते हुए अपने कार्यों का निर्वहन करती है। उपर्युक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, आयोग को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86(1) के तहत निम्नलिखित कार्य करने का अधिदेश दिया गया है–

क) राज्य के भीतर बिजली, थोक बिक्री, थोक या खुदरा, जैसा भी मामला हो, के उत्पादन, आपूर्ति, पारेषण और परिवहन के लिए टैरिफ का निर्धारणः

बशर्ते कि जहां धारा 42 के तहत उपभोक्ताओं की किसी श्रेणी को खुली उपलब्धता प्रदान की गई हो, वहां राज्य आयोग उपभोक्ताओं की उक्त श्रेणी के लिए केवल परिवहन शुल्क और उस पर अधिभार, यदि कोई हो, का निर्धारण करेगा;

ख) बिजली की खरीद और वितरण लाइसेंसधारियों की खरीद प्रक्रिया को विनियमित करना, जिसमें राज्य के भीतर वितरण और आपूर्ति के लिए बिजली की खरीद संबंधी समझौतों के माध्यम से जिस मूल्य पर बिजली को उत्पादन कंपनियों या लाइसेंसधारियों या अन्य स्रोतों से खरीदा जाएगा, शामिल होगा;

ग) बिजली के अंतर–राज्यीय पारेषण और परिवहन की सुविधा;

घ) ट्रांसमिशन लाइसेंसधारी, वितरण लाइसेंसधारी और बिजली व्यापारियों के रूप में कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों को राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के भीतर उनके प्रचालनों के संबंध में लाइसेंस जारी करना;

ड.) किसी भी व्यक्ति को बिजली की ग्रिड और बिक्री के साथ कनेक्टिविटी के लिए उपयुक्त उपाय प्रदान करके ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों से बिजली के सह–उत्पादन और उत्पादन को बढ़ावा देना, और ऐसे स्रोतों से बिजली की खरीद के लिए, किसी वितरण लाइसेंसधारी के क्षेत्र में बिजली की कुल खपत का एक प्रतिशत निर्दिष्ट करना;

च) लाइसेंसधारियों, और उत्पादक कंपनियों के बीच विवादों पर निर्णय लेना और किसी विवाद को मध्यस्थता के लिए भेजना;

छ) इस अधिनियम के तहत निर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए शुल्क लगाना;

ज) केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग द्वारा निर्दिष्ट भारतीय विद्युत ग्रिड कोड (आईईजीसी) के अनुरूप राज्य ग्रिड कोड का उल्लेख करना;

झ) लाइसेंसधारियों द्वारा गुणवत्ता, निरंतरता और सेवा की विश्वसनीयता के संबंध में मानकों को निर्दिष्ट या लागू करना;

ट) यदि आवश्यक हो, तो बिजली की अंतर–राज्यीय ट्रेडिंग में ट्रेडिंग मार्जिन का निर्धारण करना;

ठ) इस अधिनियम के तहत उन्हें सौंपे गए ऐसे अन्य कार्यों का निर्वहन करना।

अधिनियम की धारा 86(2) के अनुसार, आयोग राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकार को निम्नलिखित सभी मामलों में या किसी एक मामले पर सलाह देगाः–

i) बिजली उद्योग की गतिविधियों में प्रतिस्पर्धा, दक्षता और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना;

ii) बिजली उद्योग में निवेश को बढ़ावा देना;

iii) राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में बिजली उद्योग का पुनर्गठन और पुनर्संरचना;

iv) बिजली के उत्पादन, पारेषण, वितरण और व्यापार से संबंधित मामले या सरकार द्वारा संयुक्त आयोग को संदर्भित अन्य कोई मामला।

धारा 86(3) के अनुसार, आयोग अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए और अपने कार्यों का निर्वहन करते हुए पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा; और, धारा 86(4) के अनुसार, अपने कार्यों के निर्वहन में आयोग को विद्युत अधिनियम, 2003, राष्ट्रीय विद्युत नीति, राष्ट्रीय विद्युत योजना और शुल्क नीति द्वारा निर्देशित होगा।

7 जनवरी, 2020 को पुडुचेरी में जन सुनवाई

1.3 आयोग के सदस्यों का प्रोफाइल

वर्तमान वार्षिक रिपोर्ट की अवधि के दौरान आयोग में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं:

श्री एम.के. गोयल
अध्यक्ष

श्री एम.के. गोयल ने 17 फरवरी, 2017 को गोवा राज्य और केंद्रशासित प्रदेश के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जेईआरसी) के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला था।

कानपुर विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर श्री गोयल को विभिन्न विद्युत क्षेत्रों का 37 वर्ष से अधिक का अनुभव है। जेईआरसी में कार्यभार ग्रहण करने से पहले, वे पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्य कर रहे थे, जो एक नवरत्न पीएसयू है और देश का सबसे बड़ा एनबीएफसी है। उन्हें पीएफसी में पॉवर फाइनेंसिंग का लगभग 28 वर्ष, और 1988 में पीएफसी में शामिल होने से पहले एनएचपीसी में 9 वर्ष का बिजली उत्पादन का अनुभव है। उन्हें पीएफसी में बोर्ड स्तर का 9 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

सीएमडी, पीएफसी के रूप में उनके नेतृत्व में, विद्युत क्षेत्र में कड़ी चुनौतियां होने के बावजूद, पीएफसी ने वित्तीय और परिचालन निश्पादन में बढ़ोतरी सहित व्यापार में निरंतर वृद्धि दर्ज की है। परिणामस्वरूप, 31.03.2016 को निवल मूल्य (सभी रिजर्व) के आधार पर पीएफसी देश में सबसे बड़ा एनबीएफसी है और डीपीई सर्वेक्षण 2016 के अनुसार लाभ अर्जित करने वाला 5वां सबसे बड़ा पीएसयू है। उन्होंने वित्त वर्ष 2013–14 और वित्त वर्ष 2014–15 के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित सभी समझौता–ज्ञापन लक्ष्यों की प्राप्ति भी सुनिश्चित की है, जिसमें सीएमडी के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान पीएफसी को लगातार 2 वर्ष तक 1.00 का उच्चतम समझौता–ज्ञापन अंक प्राप्त हुआ था।

उन्होंने भारत सरकार की पहल की अगुवाई करते हुए विभिन्न विद्युत क्षेत्र सुधार कार्यक्रमों को भी आगे बढ़ाया, जिसमें एकीकृत विद्युत विकास योजना (आईपीडीएस), उदय, 24X7 सभी के लिए बिजली आदि शामिल थे। उन्होंने यूएमपीपी, आईटीपी, यूएमपीपी बोली दस्तावेजों की समीक्षा आदि जैसी भारत सरकार की अन्य पहलों के कार्यान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने नीतिगत और विनियामक क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न समितियों में महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में बिजली क्षेत्र और वित्तीय उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है जैसे (1) नीतिगत मुद्दों पर सीईआरसी को सलाह देने के लिए 'केंद्रीय सलाहकार समिति' (सीएसी) (2) सीईए द्वारा गठित राष्ट्रीय विद्युत योजना के लिए 'निधियों की आवश्यकता', (3) विनियामक परिवर्तनों आदि के लिए आरबीआई के साथ वित्त–पोषण के मुद्दों को उठाने के लिए 'वित्त–पोषण के बुनियादी ढांचे पर उच्च स्तरीय समिति'।

श्रीमती नीरजा माथुर
सदस्य

वर्ष के दौरान, श्रीमती नीरजा माथुर ने दिनांक 26.08.2015 से संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए) के सदस्य पद का कार्य भार संभाला तथा 07.12.2019 को 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने के कारण कार्यकाल पूरा होने पर सेवानिवृत्त हुए। इससे पहले, श्रीमती नीरजा माथुर 01.11.2013 से 31.12.2014 तक केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अध्यक्ष पद पर रही थीं। सीपीईएस कैडर की अधिकारी, श्रीमती नीरजा माथुर जुलाई 1979 में संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से सहायक निदेशक के रूप में सीईए में शामिल हुई थी और उनके पास सीईए में विभिन्न पदों पर अपने व्यापक और विविध कार्य अनुभव के दौरान विद्युत क्षेत्र के विकास में लगभग 34 वर्षों का बहुआयामी अनुभव है। श्रीमती नीरजा माथुर आईआईटी, रूड़की से स्नातक डिग्री तथा आईआईटी, दिल्ली से एम.टेक डिग्री के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की विधा में एक तकनीकी प्रोफेशनल हैं।

विद्युत प्रणाली संरक्षण और इंस्ट्रूमेंटेशन तथा पारेषण योजनाओं के क्षेत्र में आरंभिक कार्यकाल के दौरान, श्रीमती नीरजा माथुर ने विद्युत क्षेत्र में योजना, लोड डिस्पेच और दूरसंचार सुविधाओं के क्षेत्र में व्यापक रूप से कार्य किया। समेकित संसाधन योजना प्रभाग में निदेशक और मुख्य अभियंता के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, श्रीमती नीरजा माथुर अल्पावधि और दीर्घावधि दोनों प्रकार के उत्पादन योजना और लोड पूर्वानुमान से संबद्ध रहीं। देश में समेकित संसाधन नियोजन के लिए पंचवर्षीय योजना अवधियों के लिए राष्ट्रीय विद्युत योजना और कार्यकारी समूह रिपोर्टें तैयार करने में वे काफी सक्रिय रहीं। उन्होंने विस्तृत रूप से 11वीं योजना और 12वीं और 13वीं योजना के परिप्रेक्ष्य में अप्रैल 2007 में प्रकाशित राष्ट्रीय विद्युत योजना तैयार करने में कारगर भूमिका अदा की। इसके बाद श्रीमती माथुर ने राष्ट्रीय विद्युत योजना के गठन का भी मार्गदर्शन किया है, जिसका प्रकाशन किया जा रहा है जिसमें 12वीं योजना का विस्तृत ब्यौरा तथा 13वीं और 14वीं योजनाओं की भावी रूपरेखा शामिल है। प्रचालन निगरानी प्रभाग के मुख्य अभियंता के रूप में, उन्हें देश में विद्युत स्टेशनों की ईंधन निगरानी और ईंधन की उपलब्धता से संबंधित मुद्दों के समाधान का कार्य सौंपा गया।

श्रीमती नीरजा माथुर ने ग्रिड प्रबंधन, वितरण प्रणाली कार्यशीलता और उत्पादन इकाइयों के प्रचालन निष्पादन की जिम्मेदारी के साथ 1 मार्च, 2013 से सदस्य (ग्रिड प्रचालन एवं वितरण), सीईए और भारत सरकार के पदेन अपर सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। 1 नवम्बर 2013 से सीईए के अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल में, श्रीमती नीरजा माथुर पूर्णरूप से देश के विद्युत क्षेत्र के सभी पहलुओं के समग्र नियोजन और समन्वय में शामिल रहीं। उन्होंने उत्पादन क्षमता बढ़ाने और वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ करने के साथ ही पारेषण प्रणाली के अनुरूप विकास को सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया।

सीईए के अध्यक्ष के पद से संलग्न जिम्मेदारियों के भाग रूप में, श्रीमती नीरजा माथुर केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) के महत्वपूर्ण मामलों से, सीईआरसी की पदेन सदस्य के रूप में जुड़ी रही थीं। अपनी व्यावसायिक कौशल की वजह से, वे विद्युत क्षेत्र से संबद्ध महत्वपूर्ण समितियों/समूहों की अध्यक्ष/सदस्य रही हैं।

1.4 आयोग का कार्यालय

आयोग प्लॉट नं. 55–56, तीसरी और चौथी मंजिल, उद्योग विहार–प्ट, सेक्टर–18, गुरुग्राम, हरियाणा में किराए के परिसर के माध्यम से कार्य कर रहा है। आयोग की अपनी वेबसाइट (www.jercuts.gov.in) है, जिसका इसके सचिवालय द्वारा नियमित रूप से रखरखाव और अपडेट किया जाता है। इस वेबसाइट का प्रयोग अनुसूचियों की सुनवाई करने, समाचार, अद्यतन सूचना, अवधारणा पत्रों पर टिप्पणियां आमंत्रित करने, विनियमों, याचिकाओं और अधिसूचित विनियमों को अपलोड करने, आयोग के आदेश आदि के लिए किया जाता है। यह उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरमों और लोकपाल पर उपभोक्ताओं को जानकारी भी प्रदान करता है और उनका मार्गदर्शन करता है।

11 जून, 2020 को जेईआरसी कार्यालय में ड्राफ्ट सोलर पीवी ग्रिड कनेक्टेड–नेट मीटरिंग और अक्षय ऊर्जा विनियम, 2019 पर जन सुनवाई

11 जून, 2020 को जेईआरसी कार्यालय में ड्राफ्ट सोलर पीवी ग्रिड कनेक्टेड–नेट मीटरिंग और अक्षय ऊर्जा विनियम, 2019 पर जन सुनवाई

1.5 आयोग की संगठनात्मक संरचना

स्वीकृत कर्मचारियों की संख्या के आधार पर संगठनात्मक चार्ट नीचे दर्शाया गया है:



1.6 जन सुनवाई

वर्ष के दौरान, आयोग ने उसके समक्ष लाए गए मामलों को हल करने के लिए 15 जन/अन्य सुनवाई की। इनका विवरण अनुबंध–2 में दिया गया है।

1.7 वेबसाइट

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग की वेबसाइट गोवा राज्य और संघ राज्य क्षेत्रों की बिजली क्षेत्र से संबंधित जानकारी प्रदान करती है। वेबसाइट को उपयोगकर्ता की सुविधा के अनुसार बनाया गया है ताकि आयोग द्वारा जारी किए गए सभी विनियम, आदेश, नोटिस माउस के एक क्लिक से आसानी से उपलब्ध हो सकें। जेईआरसी वेबसाइट आयोग के समक्ष दायर की गई याचिकाओं से संबंधित सूचना और जारी किए गए आदेश, यदि कोई हों, के साथ सुनवाई के लिए उनकी अनुसूची भी प्रदान करती है।

वेबसाइट को www.jercuts.gov.in. पर एक सुरक्षित वेबसाइट के रूप में होस्ट किया गया है।

11 जून, 2020 को जेईआरसी कार्यालय में नवीकरणीय ऊर्जा शुल्क विनियम, 2019 के में मसौदे पर जन सुनवाई

1.8 प्रशिक्षण

आयोग के कर्मचारी प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं में भाग लेते रहे हैं ताकि स्वयं को बिजली क्षेत्र में हुए नवीनतम विकास के बारे में सूचित कर सकें। वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान आयोग के कर्मचारियों द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण / कार्यशालाओं में भाग लिया गयाः–

क्र.सं.	प्रशिक्षण / कार्यशाला का विवरण
1	भारत में विद्युत पारेषण पर 12वां वार्षिक सम्मेलन (पावर लाइन पत्रिका)
2	भारत में सौर ऊर्जा पर 12वां सम्मेलन (इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर पब्लिकेशन)
3	अंतर्राष्ट्रीय सौर शिखर सम्मेलन (पीएचडीसीसीआई)
4	सरकारी ई–मार्केटप्लेस और सामान्य वित्तीय नियम 2017
5	भारत में मीटरिंग पर छठा वार्षिक सम्मेलन (पावर लाइन मैगजीन)
6	विद्युत विनियामक सूचना उपलब्धता और विश्लेषणात्मक प्लेटफॉर्म विनियामक टूल पर कार्यशाला
7	ऊर्जा लेखा–परीक्षा और टीएंडडी प्रणाली में हानि में कमी (आवासीय कार्यक्रम)
8	विनियामक विद्युत टैरिफ और संबंधित मुद्दे
9	सेवा नियमों, कार्यालय प्रक्रिया और कार्यालय शिष्टाचार की सामान्य जानकारी पर कार्यशाला
10	पावर लाइन शिखर सम्मेलन 2019
11	विद्युत क्षेत्र – टैरिफ, प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता विकल्प में उभरते विनियामक मुद्दों पर 13वाँ क्षमता निर्माण कार्यक्रम
12	एफओआईआर के अधिकारियों के लिए पहली क्षमता निर्माण संगोष्ठी
13	एसएएफआईआर द्वारा आयोजित 13वां कोर पाठ्यक्रम
14	स्मार्ट ग्रिड घटक और प्रौद्योगिकियां

1.9 कंप्यूटरीकरण

अपने कर्मचारियों के बीच कामकाज को सुचारू ढंग से सुनिश्चित करने के लिए कार्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी के नवीनतम उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं जिसमें हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, मॉडेम शामिल है।

1.10 सूचना का अधिकार

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदकों को जानकारी प्रदान करने के लिए आयोग में एक आरटीआई अनुभाग है। वित्तीय वर्ष के दौरान 14 आवेदन प्राप्त हुए और सभी आवेदनों का आरटीआई अधिनियम, 2005 के अनुसार निपटान किया गया था।

जेईआरसी के कर्मचारी कार्यालय परिसर में माननीय अध्यक्ष और सदस्य के साथ बातचीत करते हुए

2. वित्तीय वर्ष 2019–20 के अनुसार आयोग की गतिविधियाँ

2.1 विनियम

वर्ष 2019–20 के दौरान, निम्नलिखित विनियम अधिसूचित किए गएः–

(क) संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ निर्धारण के लिए निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2019

(ख) संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (नेट मीटरिंग पर आधारित सोलर पीवी ग्रिड इंटरएक्टिव सिस्टम) विनियम, 2019

(ग) संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम और लोकपाल) विनियम, 2019

निम्नलिखित विनियमों में संशोधन किया गयाः–

(क) संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत आपूर्ति संहिता) पहला संशोधन विनियम, 2019

(ख) संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (कार्य संचालन) पांचवां संशोधन विनियम, 2019

2.2 वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए टैरिफ और वार्षिक राजस्व आवश्यकता का निर्धारण

वर्ष के दौरान, आयोग ने पिछले वर्षों के टैरिफ आदेश जारी किए हैं, जिसमें पिछले वर्षों का समायोजन, वित्त वर्ष 2019–20 की वार्षिक निष्पादन समीक्षा और वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) में संशोधन तथा वित्त वर्ष 2020–21 के लिए अपने अधिकार क्षेत्र हेतु उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण कंपनियों के लिए टैरिफ का निर्धारण शामिल है।

कोविड–19 महामारी के कारण 24.03.2020 से लागू राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के कारण 31 मार्च, 2020 से पहले टैरिफ आदेश जारी नहीं किए जा सके। तथापि, भारत सरकार ने कार्यालय के पुनः आरंभ करने के लिए दिशानिर्देश जारी करते ही टैरिफ आदेश जारी किए गए थे।

12 फरवरी, 2020 को लक्षद्वीप में जन सुनवाई

12 जून, 2020 को माहे, पुदुचेरी में हितधारकों, उपभोक्ताओं के साथ सार्वजनिक बातचीत

2.3 जेईआरसी के क्षेत्राधिकार में बिजली वितरण कंपनियों के महत्वपूर्ण मापदंडः

वित्त वर्ष 2019–20

			विद्युत और कंपनियों के बीच वितरण					
क्र.सं.	विवरण	लक्षद्वीप	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	चंडीगढ़	दमन एवं दीव	पुदुच्चेरी	गोवा	दादर एवं नागर हवेली
1	उपभोक्ताओं की संख्या	24505	138423	230830	63992	503685	656531	78893
2	संयोजन भार (कि.वा./के.वी.ए. में)	118269	278356	1625136	883353	1439954	2758250	1445876
3	ऊर्जा बिक्री (एम.यू.)	50	265.66	1562.32	2538.27	2649.10	3979.76	6420.75
4	संशोधित टैरिफ से प्राप्त राजस्व (करोड़ रु.)	23.71	183.98	904.98	1,046.92	66.15	1,882.97	2,993.57
5	खुली पहुंच प्रभारों/एफपीपीसीए प्रभारों से राजस्व' (करोड़ रुपए)	0.00	लागू नहीं	30.62	119.06	--	-	340.58
6	आपूर्ति की औसत लागत (एसीओएस) (रु./कि.वा.घं.)	27	26.44	4.80	5.13	5.68	5.56	5.61
7	औसत टैरिफ (रु./कि.वा.घं.)	4.74	6.93	5.53	4.12	5.69	4.73	4.66
8	कुल राजस्व आवश्यकता (करोड़ रु.)	135.13	702.29	749.56	1302.50	1508.94	2212.23	3601.97
9	वर्ष के लिए निवल (अंतर)/अधिशेष (करोड़ रु.)	111.42	518.31	(155.42)	136.52	67.10	329.25	225.08
10	टीएंडडी हानि (%)	12.75%	14.34%	9.40%	6.70%	12.50%	10.75%	4.30%
11	क्षेत्रीय पारेषण हानि	-	-	3.69%	3.66%	2.92%	-	3.66%
12	एसीओज के प्रतिशत के तौर पर औसत टैरिफ (%)	17.55%	26.21%	115%	80%	100.1%	85%	83%
13	एसीओज के % के तौर पर घरेलू	11.67%	16.72%	97.70%	37%	55.45%	60%	40%
14	एसीओज के % के तौर पर वाणिज्यिक	10.04%	33.97%	134.37%	65%	123.76%	100.89%	66%
15	एसीओज के % के तौर पर औद्योगिक	88.62%	29.05%	117.70%	85%	121.79%	94.24%	84%
16	एसीओज के % के तौर पर कृषि	लागू नहीं	6.85%	60.41%	13%	6.50%	35.79%	14%
17	कुल राजस्व के % के तौर पर घरेलू राजस्व	49.43%	32.29%	34.08%	3%	16.27%	21.43%	1%
18	कुल राजस्व के % के तौर पर वाणिज्यिक राजस्व	11.42%	19.06%	35%	2%	14.33%	18.19%	0.45%
19	कुल राजस्व के % के तौर पर औद्योगिक राजस्व	6.07%	7.32%	23.74%	95%	59.18%	57.79%	98%
20	कुल राजस्व के % के तौर पर कृषि राजस्व	लागू नहीं	0.11%	0.05%	0.033%	0.14%	0.29%	0.02%

2.4 राज्य सलाहकार समिति की बैठकें

जेईआरसी ने विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 87 के अनुसार वाणिज्य, उद्योग, परिवहन, कृषि, विद्युत उपभोक्ताओं, गैर–सरकारी संगठनों, शिक्षा और अनुसंधान के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक राज्य सलाहकार समिति का गठन किया है। आयोग निम्नलिखित मुद्दों पर विचार करने के लिए एसएसी की बैठकें नियमित तौर पर आयोजित करता है:

i. नीतिगत प्रमुख प्रश्न;
ii. लाइसेंसधारकों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता, निरंतरता और सीमा से संबंधित मामले;
iii. लाइसेंसधारकों द्वारा उनके लाइसेंसों की शर्तों और अपेक्षाओं का अनुपालन;
iv. उपभोक्ता हितों का संरक्षण;
v. बिजली की आपूर्ति और कंपनियों द्वारा निष्पादन के समग्र मानक।

वर्ष के दौरान आयोग ने एसएसी की एक बैठक (15वीं बैठक) जेईआरसी मुख्यालय, गुरूग्राम में 26.11.2019 को आयोजित की गई।

26 नवंबर 2019 को आयोजित एसएसी बैठक के दौरान निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा की गई:

- जेईआरसी द्वारा हाल की पहल
- केंद्र शासित प्रदेशों के लिए आरपीओ अनुपालन में महत्वपूर्ण चुनौतियां
- आरपीओ आवश्यकताओं को दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के लिए विशिष्ट उद्योगों द्वारा पूरा किया जाना चाहिए
- वितरण लाइसेंसधारियों के लिए निष्पादन मानक (एसओपी) पर विनियमों की प्रभावशीलता

26 नवंबर, 2019 को जेईआरसी परिसर में आयोजित 15वीं एसएसी की बैठक

2.5 वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान याचिकाओं की स्थिति

01.04.2019 को याचिकाएँ	02
वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान प्राप्त याचिकाएँ	14
वित्त वर्ष 2019–20 में कुल याचिकाएँ	16
वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान निपटाई गई याचिकाएं	10
31.03.2020 को याचिकाए	6

31.03.2020 को लंबित याचिकाओं का विवरण निम्नानुसार है:–

याचिका सं.	याचिका का संबंधित विषय	याचिकाकर्ता	प्रतिवादी
61/2012 (स्वतः संज्ञान)	नवीकरणीय खरीद दायित्व (आरपीओ) के बारे में जेईआरसी (गोवा और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए) (नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद) विनियम, 2010 का अनुपालन और समय–समय पर यथासंशोधित।	स्वतः संज्ञान	सभी वितरण लाइसेंसधारी
77/2012 (स्वतः संज्ञान)	जेईआरसी (विद्युत आपूर्ति संहिता) विनियम, 2010 के विनियम 8 के अनुसार वित्त वर्ष 2020–21 तक उपभोक्ता मीटरिंग की स्थिति और समय–समय पर यथासंशोधित।	स्वतः संज्ञान	सभी वितरण लाइसेंसधारी
14/2019	दीर्घावधि आधार पर 40 मेगावाट पवन ऊर्जा की बिक्री के लिए बिजली बिक्री समझौता	ईडी–चंडीगढ़	सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया
15/2019 (स्वतः संज्ञान)	नवीकरणीय खरीद दायित्व (आरपीओ) के संबंध में जेईआरसी (नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद) विनियम, 2016 (तीसरा संशोधन) का अनुपालन	स्वतः संज्ञान	ईडी–दमन और दीव और ईडी–दादरा और नगर हवेली
26/2019	जेईआरसी (सौर पीवी ग्रिड इंटरएक्टिव सिस्टम) 2019 के विनियम 5(पप) और विनियम 17 के साथ पठित विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86(1) (ड.) के तहत याचिका जिसमें इस माननीय आयोग को ओपन एक्सेस पर हस्ताक्षर करने के लिए अनुमोदन प्रदान करने और उपरोक्त विनियमों के तहत छूट प्रदान करने के लिए अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए याचिकाकर्ता को ओपन एक्सेस विनियमों और नुकसान सहित संबद्ध प्रभारों से छूट देने के लिए प्रतिवादी को निर्देशित करने की प्रार्थना की गई है।	मैसर्स वैरी पीवी टेक्नोलॉजीज प्रा. लिमिटेड	विद्युत विभाग पुडुचेरी
28/2019	एसईसीआई के साथ 50 मेगावाट पवन ऊर्जा के लिए 2000 मेगावाट आईएसटीसी ट्रेंच–IV के तहत विद्युत बिक्री समझौते (पीएसए) पर हस्ताक्षर करने के संबंध में याचिका।	डीएनएच पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पुडुचेरी	सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया

2.6 विवादों और मतभेदों पर अधिनिर्णय

विद्युत अधिनियम, 2003 की प्रस्तावना में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा का विशिष्ट उल्लेख किया गया है। इसके अलावा, अधिनियम की धारा 42(5) में आयोग द्वारा निर्दिष्ट दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक वितरण लाइसेंसधारी द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए एक फोरम की स्थापना करने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, अधिनियम की धारा 42 की उप–धारा (6) में लोकपाल के रूप में एक प्राधिकरण की स्थापना का प्रावधान किया गया है, जिसे आयोग द्वारा नियुक्त या नामित किया जाना है। बिजली का कोई भी उपभोक्ता, जो उप–धारा (5) के तहत अपनी शिकायत का समाधान न होने से पीड़ित है, लोकपाल को अपनी शिकायत के समाधान के लिए अभ्यावेदन कर सकता है।

गोवा और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (जेईआरसी) ने विनियमों को अधिसूचित किया है जो 'अपने संशोधनों के साथ पठित जेईआरसी (उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए फोरम की स्थापना) विनियम, 2009' तथा अपने संशोधनों के साथ पठित जेईआरसी (लोकपाल की नियुक्ति और कार्यप्रणाली) विनियम, 2009 के रूप में जाना जाता है। ये गोवा राज्य तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, लक्षद्वीप और पुदुचेरी के संघ राज्य क्षेत्रों पर लागू हैं। ये उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाएं और दिशानिर्देश उपलब्ध कराते हैं। ये विनियम आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की स्थापना

बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए गोवा और केंद्रशासित प्रदेशों में वितरण लाइसेंस/विद्युत विभागों द्वारा स्थापित उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सीजीआरएफ), वर्तमान में सभी क्षेत्रों में कार्यात्मक हैं, जिनका विवरण अनुबंध–1 में दिया गया है।

प्रत्येक सीजीआरएफ के पास अधिकार है कि वह धारा 126 और 127 (बिजली का अनधिकृत उपयोग), धारा 135 से 139 (बिजली की चोरी तथा अपराध एवं दंड), और विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत धारा 161 (दुर्घटना की सूचना आदि) को छोड़कर, अपने वितरण लाइसेंसधारी/विद्युत विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली बिजली सेवाओं के संबंध में उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करे।

सभी सीजीआरएफ में उपभोक्ताओं द्वारा दाखिल की जाने वाली शिकायतों के लिए मॉडल प्रक्रियाएं उपलब्ध कराई गई हैं और यह जेईआरसी वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। सीजीआरएफ को सलाह दी गई है कि वह उपभोक्ताओं को उनकी शिकायतों के निपटान के लिए उसके द्वारा बनाई गई प्रक्रियाओं के बारे में बताएं और इसे विभिन्न बिल संग्रह केन्द्रों और लाइसेंसधारी के उप–क्षेत्रीय/क्षेत्रीय कार्यालयों के नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर प्रदर्शित कर इसका प्रचार करें। यह भी सलाह दी गई है कि शिकायतों के निपटान की प्रक्रियाओं की प्रतियां सीजीआरएफ के कार्यालयों में रखी जाए जिससे बिजली उपभोक्ता अपनी जानकारी एवं ज्ञान के लिए बिना किसी परेशानी के इसे प्राप्त कर सकें।

वर्ष 2019–20 के दौरान सीजीआरएफ द्वारा निपटाई गई सभी शिकायतों को नीचे तालिका में दिया गया है:

1. गोवा

पिछली तिमाही की समाप्ति पर बकाया शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	वर्ष में शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	दो माह से अधिक अवधि से लंबित शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान सीजीआरएफ की बैठकों की संख्या
12	37	49	44	05	0	25

2. चंडीगढ

पिछली तिमाही की समाप्ति पर बकाया शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	वर्ष में शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	दो माह से अधिक अवधि से लंबित शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान सीजीआरएफ की बैठकों की संख्या
19	192	211	197	14	03	47

3. अंडमान एवं निकोबार

पिछली तिमाही की समाप्ति पर बकाया शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	वर्ष में शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	दो माह से अधिक अवधि से लंबित शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान सीजीआरएफ की बैठकों की संख्या
04	43	47	45	02	02	166

4. लक्षद्वीप

पिछली तिमाही की समाप्ति पर बकाया शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	वर्ष में शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	दो माह से अधिक अवधि से लंबित शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान सीजीआरएफ की बैठकों की संख्या
0	5	5	4	1	1	4

5. दमन व दीव

पिछली तिमाही की समाप्ति पर बकाया शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	वर्ष में शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	दो माह से अधिक अवधि से लंबित शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान सीजीआरएफ की बैठकों की संख्या
09	**04**	**13**	**02**	**11**	**10**	**05**

6. पुड्डुचेरी

पिछली तिमाही की समाप्ति पर बकाया शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	वर्ष में शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	दो माह से अधिक अवधि से लंबित शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान सीजीआरएफ की बैठकों की संख्या
14	**68**	**82**	**69**	**13**	**0**	**66**

7. दादर एवं नागर हवेली

पिछली तिमाही की समाप्ति पर बकाया शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	वर्ष में शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	दो माह से अधिक अवधि से लंबित शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान सीजीआरएफ की बैठकों की संख्या
01	**12**	**13**	**12**	**01**	**0**	**10**

विद्युत लोकपाल

आयोग ने गोवा राज्य और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह चंडीगढ़, दादर एवं नागर हवेली, दमन एवं द्वीव, लक्षद्वीप और पुदुच्चेरी संघ राज्य क्षेत्र के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत गोवा राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र के लिए एक सांविधिक प्राधिकरण के रूप में विद्युत लोकपाल नियुक्त किया है। कोई भी उपभोक्ता जो सीजीआरएफ द्वारा उसकी शिकायत या समस्या के न निपटाए जाने से असंतुष्ट है तो उसके पास अपनी शिकायत/समस्या या विवाद को लोकपाल के समक्ष प्रस्तुत करने का विकल्प है। लोकपाल सबसे पहले शिकायतकर्ता और लाइसेंसधारी के बीच समझौता या मध्यस्था के माध्यम से आपकी सहमति द्वारा विवाद को निपटाने का प्रयास करता है लेकिन ऐसा न होने पर संबंधित पार्टियों अर्थात उपभोक्ता और लाइसेंसधारी विभाग के तर्कों के आधार पर विवाद के मामले पर निर्णय लेता है।

लोकपाल के समक्ष अपनी शिकायत जमा करने की विस्तृत प्रक्रिया बनाई गई है और इसे आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है। इसे व्यापक प्रचार के लिए सीजीआरएफ और लाइसेंसधारियों को भी भेजा गया है।

वर्ष 2019–20 के दौरान, गोवा राज्य तथा चंडीगढ़ और पुदुच्चेरी संघ राज्य क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत लोकपाल के समक्ष प्रस्तुत किए गए कुल 18 अभ्यावेदनों/अपीलों में से वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान 14 अपीलों का निपटान किया गया।

पिछली तिमाही की समाप्ति पर बकाया शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	वर्ष में शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की कुल संख्या	वर्ष के अंत में लंबित शिकायतों की संख्या	दो माह से अधिक अवधि से लंबित शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान सीजीआरएफ की बैठकों की संख्या
01	**17**	**18**	**14**	**04**	**0**	**7**

3. वित्त वर्ष 2019–20 के लिए आयोग का वार्षिक लेखा (अनंतिम, सीएजी द्वारा लेखा–परीक्षित किया जाना है)

3.1 आय एवं व्यय विवरण

क्र. सं.	विवरण	आय (रु. लाख)	व्यय (रु. लाख)
	हाथ में बकाया अग्रेनीत राशि	71.05	
क	**आयः**		
	अनुदानों/ऋणों/राजसहायता द्वारा भारत सरकार से (सहायता अनुदान) निम्नलिखित संस्वीकृति संख्या और तारीख को प्राप्त सहायता अनुदान		
	i. 47/1/15–आर एंड आर दिनांक 29/05/2019	187.00	
	ii. 47/1/15–आर एंड आर दिनांक 29/08/2019	212.00	
	iii. 47/1/15–आर एंड आर दिनांक 25/10/2019	232.00	
	iv. 47/1/15–आर एंड आर दिनांक 03/02/2020	235.00	
	कुल	**866.00**	
	v. एफओआर से प्राप्त अंशदान/शुल्क	7.00	
	रायल्टी, प्रकाशन आदि द्वारा		
	vi. वितरण लाइसेंसधारी से लोकपाल व्यय की प्रतिपूर्ति	16.87	
ख	**व्ययः**		
1.	वेतन (आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य)		55.22
2.	वेतन (अधिकारी एवं प्रतिष्ठान)		182.23
3.	व्यावसायिकों एवं अन्य सेवाओं के लिए भुगतान		
	(क) व्यावसायिक		134.98
	(ख) अन्य सेवाएं		85.31
	(i) कार्मिकों की आउटसोसिंग 72.09		
	(ii) हाउसकीपिंग कार्य के लिए आउटसोर्सिंग 7.17		
	(iii) सुरक्षा कार्मिकों की आउटसोर्सिंग 6.05		
4.	घरेलू यात्रा	—	49.99
5.	विदेशी यात्रा	—	
6.	सीपीएफ*	—	8.55
7.	विद्युत एवं ऊर्जा	—	10.44
8.	किराया दर एवं कर	—	250.59

9.	वाहन (वाहन का किराया)	––	16.86
10.	डाक, टेलीफोन एवं संचार शुल्क	––	5.24
11.	मुद्रण एवं लेखन सामग्री	––	13.96
12.	एफओआर/एफओआईआर आदि को शुल्क	––	14.25
13.	सेमिनार एवं बैठक	––	31.65
14.	कानूनी शुल्क	––	5.35
15.	विज्ञापन एवं प्रकाशन	––	7.60
16.	अन्यः		
	क) कार्यालय व्यय ख) बैंक प्रभार ग) विविध		42.38 0.03
17.	मशीनरी एवं उपकरण	––	.
18.	फर्नीचर एवं फिक्चर	––	5.47
19.	लोकपाल पर व्यय	––	36.82
	कुल	**960.92**	**958.92**
	शेष राशि	––	**2.00**
	कुल	**960.92**	**960.92**

* अध्यक्ष एवं सदस्य के संबंध में सीपीएफ

विभिन्न शुल्को से प्राप्त आय का विवरण नीचे दिया गया है:–

I. लाइसेंसधारियों से वार्षिक लाइसेंस भुल्क का एकत्रीकरण

वार्षिक लाइसेंस शुल्क के एकत्रीकरण का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

क्र.सं.	प्राप्ति की तारीख	वित्त वर्ष	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/अन्य	राशि (रुपए में)
1.	25.06.2019	2019-20	विद्युत विभाग, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	29,55,500/-
2.	05.07.2019	2019-20	विद्युत विभाग, चंडीगढ़	1,06,31,000/-
3.	02.08.2019	2019-20	विद्युत विभाग, दमन और दीव	1,09,80,000/-
4.	17.05.2019	2019-20	विद्युत विभाग, लक्षद्वीप	2,27,494/-
